हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 14 सितंबर 2025

04 जनता की सेवा और संगठन को मजबूती देना...



07 69वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता की मेजबानी...





## खबर संक्षेप

### बीसीए में प्रवेश के लिए विद्यार्थी करें आवेदन

**नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम में बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन BCA सत्र 2025 -26 के प्रवेश प्रारंभ हैं जिसमें कुल सीटें 75 हैं। प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 12 वीं कला, वाणिज्य एवं विज्ञान या गणित संकाय में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। बीसीए में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र पुराना पुस्तकालय भवन या वाणिज्य विभाग में संपर्क कर सकते हैं। बीसीए कोर्स करने के बाद छात्र सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में अपना करियर सुरक्षित कर सकते हैं।

### कांग्रेस की किसान न्याय यात्रा को लेकर हुई बैठक

**नर्मदापुरम।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की आगामी 19 सितंबर को प्रस्तावित किसान खेत न्याय यात्रा की तैयारी को लेकर नगर कांग्रेस की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अधिक से अधिक कार्यकर्त्ता को यात्रा में शामिल करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक में पूर्व विधायक पं गिरिजाशंकर शर्मा नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी अनोखी राजोरिया अजय सैनी कुलदीप पटेल कुसुम तोमर संतोष तोमर अरुण दीक्षित बबलू राठौर लखन रघुवंशी अमित खत्री अंकित दुबे अजय शर्मा पंकज तिवारी दीपक सिसोदिया हेमंत चौधरी विजेंद्र राजपूत कीर्ति मिश्रा कपिल यादवआनंद थापक देवेंद्र दुबे पप्पू मिश्रा अशोक अहिरवार जागेश यादव सलीम खान शेख पप्पू विशाल प्रधान तुकाराम यादव सहित अन्य कांग्रेस जन शामिल रहे।

### शांति समिति की बैठक 16 सितंबर को

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों/पर्वों के दृष्टिगत जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 16 सितम्बर को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### एटीएमों में नहीं है सुरक्षा व्यवस्था, बने हुए हैं मवेशियों के अड्डे

# कहीं एटीएम बंद तो कहीं नकदी की समस्या से परेशान हो रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर में एटीएम व्यवस्था चरमारा गई है। कुछ एटीएम में नकदी नहीं है एवं अधिकांश एटीएम बंद मिल रहे हैं। यह समस्या शासकीय बैंकों के एटीएम में अधिक है। कुछ क्षेत्रों के एटीएम तो लंबे समय से बंद पड़े हुए है। त्यौहारों के समय एवं वीकेंड पर बैंक ग्राहक नकदी निकालने के लिए कई एटीएम में भटकते हुए देखे जा सकते है। बैंक प्रबंधन अपनी बैंक की शाखा के एटीएम में तो सेवाएं निरंतर रहती है परंतु अन्य स्थानों पर उनके बैंक के एटीएम में क्षमता से कम नगदी भरी जाती है जो कि कुछ समय के बाद खत्म हो जाती है। वहीं सुरक्षा के नाम पर एटीएम में गार्ड की व्यवस्था ना के बराबर है। शहर में एसबीआई की मुख्य ब्रांच पर ही गार्ड नजर आता है, बाकी अन्य कहीं भी गार्ड नहीं मिल रहे हैं।

शहर में एटीएम की व्यवस्था इन दिनों चरमारा गई है। अधिकांश एटीएम में नगदी नहीं है तो कई बंद पड़े हुए हैं जिससे बैंक उपभोक्ता परेशान हैं।



#### अनुबंध नहीं हुआ तो बंद पड़े एटीएम

हाऊसिंग बोर्ड एरिया में एसबीआई के दो एटीएम हैं। पहला मंडी के सामने दूसरा स्कूल के पास। जबकि दोनों एटीएम की दूरी 500 मीटर है। आज दिनांक तक लगभग 10 दिनों से दोनों एटीएम बंद पड़े हुए हैं। शहर का सबसे बड़ा रहवासी क्षेत्र आईटीआई क्षेत्र माना जाता है इस क्षेत्र में एसबीआई के अलावा और कोई एटीएम नहीं है। वहीं इन दोनों एटीएम के बंद होने से क्षेत्र की जनता परेशान है। एटीएम की जानकारी जुटाने पर पता चला कि अनुबंध खत्म हो जाने की वजह से उसे बढ़ाया नहीं गया इस कारण से एटीएम अधिकतर में बंद हैं। शहर के अन्य प्रमुख एरिया में कलेक्ट्रेट आफिस परिसर, बस स्टेंड के सामने, रसूलिया, कोठी बाजार क्षेत्र, मालाखेड़ी आदि क्षेत्रों में अधिकतर क्षेत्रों में एटीएम बंद होने से आमजन नगदी की परेशानी का समाना करना पड़ रहा है। जहां एटीएम चालू भी है तो उनमें सुरक्षा के अभाव से उनके अंदर मेवेशी बैठने से गोबर और गंदगी बदबू के कारण उपभोक्ता परेशान है।

#### एटीएम बंद होने से है समस्या

हाऊसिंग बोर्ड आईटीआई क्षेत्र के एसबीआई के एटीएम बंद होने से इस क्षेत्र के लोगों को काफी समस्या का समाना करना पड़ रहा है। पैसे निकलने के लिए अब 1 किमी दूर जाना होता है।

पार्थ राजपूत हाऊसिंग बोर्ड

#### एटीएम में नहीं नकदी

वर्तमान समय में अधिकतर एटीएम में नकदी की समस्या आ रही है। कई एटीएम घूमने के बाद नगदी मिल पा रही है। सबसे ज्यादा समस्या त्यौहार एवं वीकेंड के दिनों में आती है।

सोमेश मिश्रा, बैंक उपभोक्ता

#### एटीएम में नहीं है गार्ड

शहर के एटीएम में अब गार्ड एवं दरवाजे व्यवस्थित नहीं होने से मवेशी बैठना और गंदगी होना तथा उनकी साफ सफाई पर ध्यान नहीं देना आम हो गया है। जबकि बैंकों द्वारा एटीएम शुल्क वसूला जाता है।

दीपेश तिवारी, बैंक उपभोक्ता

## नवागत पुलिस अधीक्षक ने थानों का किया निरीक्षण

### उपलब्ध संसाधनों को देखा, पुलिस बल की ली जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिले के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा ने हाल ही में अपना पदभार ग्रहण करने के बाद जिले की कानून-व्यवस्था का जायजा लिया। पदभार संभालते ही उन्होंने विभिन्न थानों का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को परखा। पुलिस अधीक्षक ने सबसे पहले थाना कोतवाली, थाना देहात, थाना इटारसी, पथरौटा, केसला और थाना ट्रैफिक का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने थानों में मौजूद संसाधनों, महत्वपूर्ण अभिलेखों और सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने विशेष रूप से यह सुनिश्चित किया कि आम नागरिकों को थाने में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान, एसपी थोटा ने सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों और समस्याओं का त्वरित और न्यायसंगत तरीके से समाधान किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, सभी रिकॉर्ड्स को व्यवस्थित ढंग से रखने और पुलिसकर्मियों के बीच अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए।यह निरीक्षण एसपी की ओर से जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था और जनता-केंद्रित पुलिसिंग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## किसान के बेटे ने एमपीपीएससी में हासिल किया सातवां स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




नर्मदापुरम जिले के ग्राम खपरिया निवासी मनोज पाल, जो एक साधारण कृषक परिवार से आते हैं, ने अपनी लगन और धैर्य से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा में सहायक संचालक के पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मनोज पाल के पिता नर्मदा प्रसाद पाल एक किसान हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी परिवार की जिम्मेदारियों के साथ अपने बेटे की शिक्षा में कोई कमी नहीं आने दी। मनोज बताते हैं कि वर्षों की मेहनत, परिवार की उम्मीदों और दोस्तों के सहयोग ने उन्हें यह सफलता दिलाई है। मनोज ने अपनी परीक्षा यात्रा 2017 से शुरू की थी। अब तक उन्होंने 8 मुख्य परीक्षाएं और 7 साक्षात्कार दिए। वर्ष 2018 से लगातार साक्षात्कार तक पहुँचने के बावजूद उनका नाम अंतिम चयन सूची में नहीं आ सका। वहीं वर्ष 2024 में वे चयनित हुए।

## पल-पल रंग बदल रहा मौसम, कभी निकलती धूप तो कभी होती है झमाझम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में सुबह से निकली धूप के बाद दोपहर में अचानक बारिश हुई। करीब 15 मिनट तक पानी गिरा। इससे वातावरण में ठंडक आ गई, लोगों को भी उमस से राहत मिली। नर्मदापुरम में चार दिनों से रोजाना मौसम में परिवर्तन जारी है। कभी तेज धूप, खुला मौसम तो कभी अचानक से बारिश हो रही। अचानक से 3 बजे के बाद काले बादल छा गए। 4 बजे से 15 मिनट तक तेज अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग ने जिले में 14 और 15 सितंबर को भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है।

### पचमढ़ी में हुई 29.2 मिमी वर्षा

जिले में 1271.8 अब तक औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1197.4 औसत वर्षा हुई थी। विगत



शुक्रवार-शनिवार को नर्मदापुरम में 4.8मिमी, सिवनीमालवा में 4.0 मिमी, इटारसी 0.0 , माखननगर में 0.0 , सोहागपुर में 5.0 मिमी, पिपरिया में 4.0 मिमी, बनखेड़ी में 4.6 मिमी, पचमढ़ी में 29.2 एवं तहसील डोलरिया 0.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 939.70 फीट है, तवा जलाशय का 1165.70 फीट है।

## तेज राफ्तार से गाड़ी चलाते हुए कार चालक ने मारी टक्कर, थाने में हुई शिकायत, आरोपी फरार

**नर्मदापुरम।** जिला अस्पताल तिराहे के पास तेज रफ्तार कार ने उत्पात मचाया। कार ड्राइवर लापरवाही तरीके से तेज गति से गाड़ी चलाते भाग गया। इस बीच कार ड्राइवर ने बाइक सवार दो मजदूर और एक बच्ची को टक्कर मारी। घटना शनिवार दोपहर करीब 12.15 बजे की है। दुर्घटना में मजदूर ताराचंद यादव को सिर में और अनूप राजपूत को हाथ में खरोंच आई। दोनों ने पहले जिला अस्पताल में उपचार कराया। इसके बाद कोतवाली थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस ने अज्ञात कार के ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस टक्कर मारने वाली कार और उसके ड्राइवर को ढूंढने के लिए सीसीटीवी खंगाल रही है। आईटीआई रोड निवासी अनूप राजपूत ने बताया मैं और साथी ताराचंद सामान खरीदने के लिए बाइक से बाजार जा रहे थे।अस्पताल तिराहे के पास एक सफेद रंग की कार पीछे से तेज रफ्तार से आई। हमें टक्कर मारते हुए कोठी बाजार की तरफ निकल गई। इस दौरान उसने एक बच्ची को भी टक्कर मारी। कोतवाली टीआई कंचन सिंह ठाकुर ने बताया तेज रफ्तार अज्ञात कार ने टक्कर मारी है। केस दर्ज कर लिए है और कार की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे है।



## पुरानी रंजिश: युवक को बुलाया बुदनी, फिर मौका देखकर किया चाकू से हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम जिले के सेमरी हरचंद निवासी 22 वर्षीय युवक पीयूष कुशवाह की बुदनी में शुक्रवार शाम चाकू मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने पुरानी रंजिश के चलते युवक को बुलाकर पेट में चाकू घोंप दिया। घायल युवक को गंभीर हालत में नर्मदापुरम के निजी अस्पताल लाया गया, जहां शनिवार सुबह उसकी मौत हो गई।

मृतक के भाई ने बताया कि पीयूष को आरोपी जीतू उर्फ जितेंद्र कुशवाह ने पुरानी रंजिश के समझौते के लिए बुलाया था। पीयूष अपने दोस्तों राहुल ठाकुर और खोपसिंह के साथ बुधनी गया था। ओवर ब्रिज के नीचे आरोपी जीतू, दिनेश बेले और अनिल कुशवाह ने झगड़े के दौरान हमला कर दिया। जीतू ने पीयूष के पेट में चाकू घोंप दिया।

घायल पीयूष को साथी तुरंत नर्मदा अस्पताल नर्मदापुरम लेकर पहुंचे। लगभग 12 घंटे बाद शनिवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं बुधनी थाना प्रभारी चैन सिंह रघुवंशी ने बताया कि मामले में तीनों आरोपियों जितेंद्र कुशवाह, अनिल कुशवाह और दिनेश बेले को रात में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। हत्या की वजह एक लड़की से जुड़ी पुरानी रंजिश रही। शनिवार दोपहर युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पुलिस प्रकरण में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## शासकीय कन्या उमावि में मनाया गया उमंग दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

पीएम श्री शासकीय कन्या उ. मा. वि. माखन नगर में शनिवार को उमंग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रमा चावड़ा एवं दिशा चावड़ा (हाटफ़ुल्नेस ट्रेनर) उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उमंग के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ करवाई गई हर गतिविधि में विद्यार्थियों को जीवन कौशल की सीख दी गई और गतिविधि उपरांत श्रेठ स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात शाला में स्थापित उमंग कॉर्नर का भ्रमण करवाया गया।

## नपाध्यक्ष ने किया नवनिर्मित सड़क और नाली निर्माण का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव के नेतृत्व में नगर के सभी वार्डों में विकास के कार्य किए जा रहे हैं। इस कड़ी में वार्ड क्रमांक 17 में नाली और सड़क का निर्माण कराया गया है। वार्ड क्रमांक 17 नारायण नगर में नवनिर्मित सड़क और नाली का शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्डवासी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों ने नपाध्यक्ष से कहा कि कुछ स्थानों पर सड़क सकरी कर दी गई है, इस पर नपाध्यक्ष श्रीमती यादव ने निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों को तत्काल बुलवाकर सड़क की नपाई कराई गई, जो सही पाई गई। वार्डवासियों ने संतुष्टि प्रदान करते हुए बनाई गई सड़क और नाली पर आभार व्यक्त किया। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि हमारी परिषद द्वारा नगर में अनेक ऐसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं जो किसी समय असंभव हुआ करते थे। नगर के सभी 33 वार्डों में बगैर किसी भेदभाव के विकास कार्य किए जा रहे हैं। नगरपालिका नगर विकास के प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में मां नर्मदा की कृपा से नर्मदापुरम नए लुक में दिखेगा।

## श्री रामलीला महोत्सव की तैयारी हुई पूर्ण, 17 से होगा शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सेठानीघाट पर समिति के द्वारा बनाये गए बड़े मंचों से 18 दिवसीय श्री रामलीला का मंचन होगा। युद्ध की लीलाओं का मंचन दशहरा मैदान पर होगा। वहीं आगामी 17 सितम्बर से प्रारंभ हो रहे श्री रामलीला महोत्सव की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। श्रीरामलीला में इस वर्ष श्रीराम- प्रतीक दुबे , जानकी जी - यश शुक्ला , लक्ष्मण - अक्षय मिश्रा , भरत - समर्थ तिवारी, शत्रुघ्न - शिवाय शुक्ला, मुनि वशिष्ठ - अजय परसाई, हनुमान और मारीच, दीपेश व्यास, नारद और जामवंत अरुण तिवारी, परशुराम गोपाल शुक्ला, दशरथ और रावण सुभाष परसाई, सुमंत और विभीषण विनोद परसाई, जनक और निषाद - मनोज परसाई, सुग्रीव की भूमिका दीपक साहू निभाएंगे श्रीरामलीला में पात्र निर्देशन पं सुनील चौरे का एवं संगीत निर्देशन पं राम परसाई का होगा।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पहुंचे पचमढ़ी

## महादेव मंदिर के किए दर्शन, लिया पचमढ़ी की वादियों का आनंद, कुछ देर पचमढ़ी के बंदरों से भी की गुफ्तगूं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पत्नी साधना सिंह के साथ पचमढ़ी पारिवारिक दौरे पर पहुंचे इस दौरान उन्होंने महादेव मंदिर के दर्शन भी किये। पचमढ़ी रवि शंकर भवन पहुंचकर शिवराज सिंह चौहान ने मौजूद स्टाफ से मुलाकात की। राजनीतिक बैठकों के अलावा, शिवराज सिंह चौहान अपने परिवार के साथ भी पचमढ़ी में सुकून के कुछ पल बिताने के लिए जाते रहे हैं। दिसंबर 2021 में, वह अपनी पत्नी और बेटों के साथ पचमढ़ी में नए साल का जश्न मनाने के लिए पहुंचे थे। यह इंगित करता है कि उनके लिए पचमढ़ी केवल एक आधिकारिक स्थल नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत और पारिवारिक विश्राम स्थल भी है। पचमढ़ी रवि शंकर भवन में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्वागत के लिए पिपरिया एसडीएम आईएएस अनीशा श्रीवास्तव तहसीलदार वैभव बैरागी एसडीओपी मोहित यादव एवं पचमढ़ी पिपरिया के अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### चौहान का पचमढ़ी प्रेम

पचमढ़ी, पर्यटकों के लिए, बल्कि राजनेताओं के लिए भी एक पसंदीदा स्थल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए। पचमढ़ी के प्रति उनके विशेष लगाव की वजह सिर्फ इसकी प्राकृतिक सुंदरता ही नहीं, बल्कि कई और कारण भी हैं।

वहीं शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में पचमढ़ी अक्सर महत्वपूर्ण सरकारी बैठकों और चिंतन शिविरों का केंद्र रहा है। मार्च 2022 में, जब राज्य में गर्मी बढ़ रही थी, तब उन्होंने अपने मंत्रिमंडल की दो दिवसीय बैठक पचमढ़ी में आयोजित की थी। इस तरह की बैठकें आमतौर पर भोपाल में होती हैं।

## नपा की लोक अदालत में 35 लाख से अधिक की राजस्व वसूली




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा आयोजित नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने अपने बकाया करों को जमा करने में काफी रुचि दिखाई। देर शाम तक नागरिक आते रहे और टेक्स जमा करते रहे। वहीं दोपहर में नगरपालिका में आयोजित नेशनल लोक अदालत का निरीक्षण मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने टेक्स जमा करने आने वाले नागरिकों को बैठने की व्यवस्था तथा पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिए। राजस्व शाखा के हरिश गोस्वामी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरपालिका परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। शनिवार को देर शाम तक 35 लाख रुपए से अधिक का केश और चेक के माध्यम से नागरिकों ने बकाया कर जमा किए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### आवारा पशुओं के आतंक से लोग नाराज



**आमला।** नगर में वर्षों से आवारा पशुओं से लोगो को परेशानी का सामना करना पड रहा हैं। मोहल्ले, गली, मेन रोड पर आवारा पशुओं का जमावड़ा तो रहता हैं, साथ ही आवारा कुत्ते भी झुंड बनाकर लोगो को काट रहे हैं। कुत्ते बाइक चालक के पीछे दौडते हैं, जिससे घबराहट में चालक हादसे का शिकार भी हो रहे हैं। यह समस्या अब आमजन के लिए सिरदर्द बन गई हैं। वही नगर के पूर्व पार्षद राकेश धामोडे ने व्हाट्सएप ग्रुप में मैसेज कर इस समस्या का समाधान करने शासन व प्रशासन से निवेदन किया है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही होने से नाराज राकेश ने जनपद चौक पर प्रतिदिन अर्धनग्न होकर वे प्रदर्शन करने की चेतावनी दी हैं। पूर्व पार्षद ने प्रशासन पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए हैं। पूर्व पार्षद ने बताया कि वे मंगलवार से अर्द्धनग्न होकर प्रतिदिन जनपद चौक पर तीन घंटे प्रदर्शन करेंगे, तब तक कि इस समस्या का स्थाई हल प्रशासन ना निकाल ले।

### सामूहिक सर्वपितृ श्राद्ध व पिंडदान तर्पण 21 सितम्बर को

**बैतूल।** संत श्री आशारामजी आश्रम, चिखलाल, रानीपुर रोड, बैतूल में सामूहिक सर्वपितृ श्राद्ध एवं पिंडदान तर्पण का भव्य आयोजन आगामी 21 सितम्बर को किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि यह अनुष्ठान वैदिक विधि-विधान के साथ पारंपरिक ब्राह्मणों द्वारा संपन्न कराया जाएगा। श्रद्धालुजन इस अवसर पर अपने पितरों की आत्मा की शांति एवं तृप्ति के लिए पिंडदान कर सकेंगे और पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। समिति ने बताया कि केवल सीमित पंजीयन ही उपलब्ध हैं। विगत वर्षों में भी सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एक ही स्थान पर एक साथ बैठकर आश्रम में पूर्ण विधि-विधान से सामूहिक श्राद्ध का आयोजन किया था। सम्मिलित श्रद्धालुओं का कहना है कि इतने नियम और परंपरागत विधि-विधान घर पर करना संभव नहीं होता, परंतु आश्रम में यह अनुष्ठान सहज और सामूहिक रूप से संपन्न हो जाता है। इस आयोजन का संचालन संत श्री आशारामजी ट्रस्ट, दिल्ली शाखा बैतूल द्वारा किया जा रहा है।

### जिपं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक स्थगित

**बैतूल।** जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की 15 सितंबर को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित की गई है। अति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बैतूल ने बताया कि आगामी बैठक की सूचना पृथक से दी जाएगी।

### आदान विक्रेताओं के लिए दो नवीन बैचों का किया शुभारंभ



**बैतूल।** जिले में आदान विक्रेताओं के लिए दो नवीनतम बैच टीपीएन 3223 एवं 3224 का शुभारम्भ किया गया। प्रत्येक बैच में 40 प्रतिभागियों को वर्षभर साप्ताहिक 48 कक्षाओं के माध्यम से कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, विभागीय अधिकारियों एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण दिया जाएगा। अब तक जिले में 12 देशी डिप्लोमा बैच सम्पन्न किए जा चुके हैं, जिनमें 480 आदान विक्रेताओं एवं बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षित कर तकनीकी रूप से दक्ष बनाया गया है। इनमें से अनेक ने अपने स्वयं के प्रतिष्ठान स्थापित कर रोजगार प्राप्त किया है। यह कोर्स युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही तकनीकी जानकारी का ग्रामीण स्तर पर प्रसार भी कर रहा है। शुभारम्भ कार्यक्रम में विज्ञान केन्द्र बैतूल बाजार प्रमुख वैज्ञानिक डॉ.एसके तिवारी, उन्नतशील कृषक महावीर सिंह गोठी, उप संचालक कृषि जिला बैतूल डॉ. आनंद कुमार बडोनिया, सहायक संचालक कृषि सुरेन्द्र कुमार परहाते, सहायक संचालक कृषि आरएस राजपूत एवं कोर्स के फेसिलीटेटर नितिन कुमार जायसवाल एवं विजेन्द्र वाईकर उपस्थित रहे।

---

### शिफ्ट नहीं किया बाजार, अब भी सड़क किनारे लग रही दुकान

# गंज सब्जी बाजार के लिए लगे पेवर ब्लॉक पर खड़े हो रहे छोटे-बड़े वाहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के लोहिया वार्ड स्थित गंज प्राइमरी स्कूल के डिस्मेंटल के बाद यहां साप्ताहिक सब्जी बाजार लगाने का प्लान नगरपालिका द्वारा बनाया गया था, 10 लाख रुपए की लागत से यहां 30 हजार वर्गफीट में सब्जी विक्रेताओं के बैठने के लिए व्यवस्थित रूप से पेवर ब्लाक भी लगाए गए हैं, लेकिन इस स्थान को वाहन चालक एक तरह से पार्किंग के रूप में इस्तेमाल कर रहे है यानि यहां छोटे-बड़े वाहनों को खड़ा किया जा रहा है। जिससे यह स्थल पार्किंग बनकर रह गया है। बता दे कि गंज में प्रति बुधवार और शनिवार के दिन साप्ताहिक बाजार लगता है। यह बाजार जेएच कॉलेज रोड से लेकर बाबू चौक गंज तक की सडक पर अव्यवस्थित रूप से लगता है, जिससे व्यापारियों सहित सब्जी विके्रता, खरीदारों को तो परेशानियों का सामना करना ही पड़ता है, साथ ही ट्रैफिक की समस्या भी बाजार के दिन ज्यादा होती है। इस क्षेत्र में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण पूरा क्षेत्र अस्त-व्यस्त हो जाता है। जिससे सब्जी विक्रेताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बावजूद नगरपालिका गंज सब्जी बाजार को व्यवस्थित रूप से लगाने की प्लानिंग में लापरवाही बरत रही है, जबकि लंबे समय से ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के सब्जी विके्रता एक व्यवस्थित सब्जी बाजार की मांग करते आ रहे हैं।

#### सड़कों और गलियों में लग रहा बाजार

गंज का साप्ताहिक बाजार सडक़ किनारे संचालित हो रहा है। सडक पर जगह खत्म होने के बाद सब्जी विक्रेता गलियों की सडकों पर बाजार लगाने को मजबूर हैं। अव्यवस्थित बाजार के कारण सब्जी विक्रेताओं को किसी भी प्रकार की सहूलियत भी नगरपालिका द्वारा नहीं दी जा रही है। आवारा मवेशी बाजार में घूमते हैं, वहीं पीने के पानी के लिए भी नगरपालिका ने कोई व्यवस्था नहीं बनाई है। गंज बाजार में न तो व्यापारियों के लिए चतूबरे बने है और न ही पार्किंग की सुविधा है। यहां ग्राहकों को भी वाहन में बैठे-बैठे ही सब्जियों की खरीदी करनी पड़ती है। जिससे ट्रॉफिक की समस्या उत्पन्न हो रही है, वहीं लेकिन सब्जी विक्रेताओं को मिलने वाली सुविधाएं नदारद हैं।

#### रात में खड़े हो रहे भारी वाहन

सब्जी बाजार के लिए लगाए गए पेवर ब्लॉक वाले मैदान पर रात के समय भारी वाहन खड़े हो रहे हैं जिससे पेवर ब्लॉक डेमेज होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके नगरपालिका इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। सब्जी व्यापारियों को भी यह जानकारी नहीं है कि यहां बाजार लगेगा। इस बाजार में सब्जी व्यापारियों की इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद व्यवस्थित सब्जी बाजार नहीं है, जिसके कारण सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर लोगों का कहना है कि भारी वाहनों के खड़े होने की वजह से पेविंग ब्लाक खराब हो सकते है। ऐसा होता है तो यहां सब्जी विक्रेताओं और ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

#### 10 लाख रुपए की लागत के पेवर ब्लॉक लगाए

नगरपालिका ने गंज की 30 हजार वर्गफीट भवन डिस्मेंटल के बाद खाली हुई जमीन पर बाजार लगाने के लिए 10 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक लगवाए गए हैं। यह पूरा एरिया सब्जी व्यापारियों के बैठने के लिए व्यवस्थित किया गया है। बुधवार और शनिवार को साप्ताहिक सब्जी बाजार यहां पर लगाने की योजना है, लेकिन फिलहाल इस जगह पर वाहन खड़े हो रहे है और बाजार सडक़ किनारे लग रहा है। इससे सडक पर सब्जी व्यापारियों के बैठने के कारण होने वाली ट्रैफिक समेत अन्य परेशानियां भी दूर नहीं हो पा रही है। बता दे कि गंज साप्ताहिक बाजार में करीब 1500 से अधिक दुकान लगती है।

**शिफ्ट किया जाएगा**

जल्द ही प्लानिंग बनाकर साप्ताहिक सब्जी बाजार को गंज प्राइमरी स्कूल के स्थान पर शिफ्ट किया जायेगा। यदि पेविंग ब्लाक पर भारी वाहन खड़े किये जा रहे है, तो कार्रवाही कराई जायेगी।

**- सतीश सटसेनिया,**
सीएमओ, नगरपालिका बैतूल

---

### वेंटिलेशन से घर में घुस रहा था कोबरा, सर्पमित्र ने किया रेस्क्यू

**बैतूल।** सोमवारी गांव में शुक्रवार रात एक परिवार की जान पर बन आई, जब एक जहरीला कोबरा वेंटिलेशन से घर में घुसने लगा। घटना रात लगभग 12 बजे की है, जब ग्रामवासी राम देशमुख अपने पलंग पर आराम कर रहे थे। अचानक उनकी नजर खिडक़ी के वेंटिलेशन पर पड़ी, जहां करीब 5 फीट लंबा कोबरा फन फैलाए बैठा था। बताया जाता है कि सांप पेड़ और दीवार के सहारे चढक़र वेंटिलेशन तक पहुंचा था। बारिश से बचने के लिए वह घर में घुस रहा था। अगर वह नीचे उतर जाता तो पलंग के पास बैठे राम देशमुख को काट सकता था और हादसा जानलेवा हो सकता था। राम देशमुख ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत सर्पमित्र विशाल विश्वकर्मा को सूचना दी। वे मौके पर पहुंचे और कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया।



### विद्युत केबलीकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाहपुर।** नगर के गनमान्य नागरिकों और व्यापारी संघ शाहपुर द्वारा विद्युत विभाग के स्थानीय कार्यालय पहुंचकर अधिकारी को ज्ञापन सोपा है। जिसमें कहा गया है कि नगर में विद्युत प्रदाय हेतु बरसों पुरानी लाइन है, जो आज खुले तारों से चल रही है। जिससे दुर्घटनाओ का भय बना रहता है, दुर्घटना को रोकने के लिए समय रहते केबलीकरन करने की मांग ज्ञापन में की गई है। इस अवसर पर बिजली अधिकारी शाहपुर महेंद्र प्रजापति ने बताया कि इस समस्या को हम शासन के उच्च अधिकारी के समक्ष जल्द से जल्द रखेंगे और तारों की समस्याओं का अपने स्तर पर निराकरण शीघ्र करेंगे। जैसे ही शासन से उचित निर्देश प्राप्त होते हैं तो उसमें देरी न करते हुए नगर के विद्युत प्रदाय की समस्या का शीघ्र सुधार करेंगे।

### 18 माह से गुम नाबालिग बालक और बालिका को गुजरात से किया दस्तयाब

**मुलताई/बैतूल।** मुलताई को दो नाबालिक बालक-बालिका को दस्तयाब करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना क्षेत्र के फरियादी द्वारा माह अप्रैल 2024 में अपनी नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट की गई थी। उक्त घटना के एक सप्ताह बाद थाना क्षेत्र के ही एक अन्य फरियादी ने अपने नाबालिक बालक के बहला-फुसलाकर ले जाए जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर भी अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त जानकारी पर दोनों नाबालिक बालक एवं बालिका गुजरात के गांधीधाम स्थित एक प्लाई बनाने वाले कारखाने में कार्य कर रहे हैं। सूचना के आधार पर थाना मुलताई पुलिस की टीम गठित कर गांधीधाम, गुजरात रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं मेहनत से दोनों नाबालिकों को दस्तयाब कर सुरक्षित रूप से उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया।

---

### 3 लाख से अधिक समन शुल्क वसूला

## नियमों के उल्लंघन करने वाले 800 चालकों पर कार्रवाई



**बैतूल।** यातायात पुलिस ने सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने 15 दिवसीय विशेष अभियान चला रही है। पुलिस ने अभी तक 800 वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाही करते हुए करीब 3 लाख से अधिक समन शुल्क वसूल किया है। दरअसल पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार, सडक़ परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय तथा सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए यातायात पुलिस 8 सिंतबर से 22 सितंबर तक विशेष अभियान संचालित कर रही है। जिसका उद्देश्य बढ़ती सडक़ दुर्घटनाओं एवं मृत्यु दर में कमी लाना, आमजन को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करना, तेज गति, नो-हेलमेट और नशे में वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसना है। जिसमें पुलिस द्वारा ऐसे वाहन चालकों पर कार्रवाही की जा रही है जो तेज गति से वाहन चलाते है। बिना हेलमेट/सीट बेल्ट, नाबालिग द्वारा वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, रॉन्ग साइड, ओवरलोडिंग, बिना लाइसेंस, बिना फिटनेस और बिना परमिट वाहन चलाने वाले करीब 800 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई कर कुल 3,09,400 समन शुल्क वसूल किया गया। यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन करें। सडक़ सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बनाएं।



## पैदल मार्ग के रास्ते गौवंश ले जाते तस्कर को पकड़ा

**शाहपुर।** शाहपुर पुलिस एवं राष्ट्रीय हिंदू संगठन द्वारा गौवंश तस्करों को पकड़ा गया है। यह तस्कर पैदल गौवंश को ले जा रहे थे। बताया जाता है कि आरोपी ग्राम पाठई का रहने वाला राधेश्याम मर्सकोले को माचना नदी के पुल के समीप पकड़ा गया। राष्ट्रीय हिंदू सेवा के कार्यकर्ता आकाश साहू को जैसे ही तस्करी की सूचना मिली, वह अपने साथी दुर्गेश यादव, संस्कार वर्मा, अनिकेत मालवीय, तुषार साहू तुषार गुप्ता, सोहन और सुभाष यादव के साथ जगह पर पहुंचे। आरोपी राधेश्याम मर्सकोले गोवंश को लेकर पहावाड़ी ग्राम के जंगल के रास्ते से खारी गांव की तरफ गोवंश लेकर जा रहा था। कार्यकर्ताओं को देखकर डर के कारण भागने लगा। उसे शाहपुर मोतीढाना के एक केंद्र के पास पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह गोवंश को अलग-अलग तस्करों को भेजता है। इसके पश्चात एक राहुल नाम का व्यक्ति इन्हें महाराष्ट्र भेज देता है। पुलिस के द्वारा मौके पर दो गोवंश बरामद किए गए। आरोपों के खिलाफ गोवंश प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस तस्करों के खिलाफ अन्य तथ्यों की जानकारी जुटा रही है।

### सेवा पखवाड़ा को लेकर गंज मंडल की कार्यशाला संपन्न

## 'भाजपा केवल राजनीति नहीं करती बल्कि गरीबों की सेवा भी करती है'



**बैतूल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा द्वारा देश भर मे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम चलाया जाना है। जिसको लेकर विभिन्न स्तर पर बैठक व कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल की विशेष मौजूदगी मे गंज मंडल की कार्यशाला आयोजित की गयी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार और मंडल प्रभारी राजेंद्र मालवीय भी उपस्थित रहे। बैतूल गंज मंडल की आयोजित कार्यशाला में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल राजनीति हीं नहीं करती बल्कि समय समय पर आमजनो, गरीबो के हित मे विभिन्न कार्य के माध्यम से सेवा भी करती है। पार्टी के द्वारा सेवा पखवाडा कार्यक्रम भी इसी मंशा के अनुरूप आयोजित किया जा रहा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओ से आव्हान किया कि इस कार्यक्रम मे बढचढकर हिस्सा लेते हुए जनता से सीधा संवाद करते हुए उनसे जुडाव स्थापित करें। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार नें कार्यकर्ताओ से कहा कि पार्टी द्वारा इस दौरान जितने भी कार्यक्रम तय किये है उसके अनुसार अपनी अपनी जिम्मेदारी सुनिश्चित करते हुए सभी ज्येष्ठ व वरिष्ठ कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन लेते हुए सेवा कार्यक्रम को सेवा पूर्वक मनाये ताकि पार्टी की मंशानुसार कार्यक्रम सफल हो सके। इस कार्यशाला मे पूर्व सांसद ज्योति धुर्वे, नपाध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र कपूर, जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू, जिला महामंत्री कमलेश सिंह, मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा महामंत्री प्रवीण वराठे, मंडल मंत्री रवि आदि रहे मौजूद।

---

### कार्यकर्ता ही भाजपा संगठन की सबसे बड़ी ताकत

# जनता की सेवा और संगठन को मजबूती देना कार्यकर्ताओं का लक्ष्य: खंडेलवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने शनिवार को बैतूल विधानसभा के आठनेर मंडल के विभिन्न ग्रामों में प्रवास कर कार्यकर्ताओं और जनता से मुलाकात कर संबोधित किया। श्री खंडेलवाल का कार्यकर्ताओं ने तुलादान करने के साथ जगह-जगह भव्य स्वागत किया। उन्होंने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के निवास पहुंचकर कुशलक्षेम जाना। श्री खंडेलवाल ने विभिन्न स्थानों पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है, और इसमें कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत है। जनता की सेवा और संगठन को मजबूती देना ही हम पार्टी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य है। भाजपा देश का एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है, जिसमें सभी कार्यकर्ता होते हैं, सिर्फ दायित्व बदलते रहते हैं। इसलिए आप सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास और जनहितैषी कार्यों का लाभ जन-जन तक पहुंचाकर पार्टी संगठन को और बुलंदियों तक ले जाएं।

#### कार्यकर्ताओं के सम्मान में कभी कमी नहीं आएगी

इस अवसर पर श्री खंडेलवाल ने कहा कि कार्यकताओं से मिले इस अपार प्रेम और आत्मीयता से मैं अभीभूत हूं। पार्टी कार्यकर्ताओं के सम्मान में कभी भी कमी नहीं आने दूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार व स्नेह दिया, उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा। भाजपा एक परिवार है, मुझे पार्टी ने नया दायित्व सौंपा है, मैं आप सभी के सहयोग से इस दायित्व का निर्वहन करूंगा। आप सभी कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद से ही मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। आज आप सभी कार्यकर्ताओं का जगह-जगह प्रेम, स्नेह और आशीर्वाद मिला। हम सभी कार्यकर्ता पार्टी संगठन को और आगे ले जाने का कार्य करेंगे।

#### समाज व व्यापारिक संगठनों ने किया स्वागत

श्री खंडेलवाल का आठनेर मंडल में प्रवास के दौरान गांव-गांव में भव्य स्वागत किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बैतूल विधानसभा के शिवनपाट नगर मंडल से कार्यकर्ताओं से मुलाकात शुरू की। उन्होंने बोरपानी, सत्तूदेव जोड़ जावरा, धनोरा, सावंगी जोड़, गुडखेड़ा में कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। गलफट में कुनबी समाज, रिलायंस पेट्रोल पंप पर किराड़ समाज, गणवंत नगर, बस स्टैंड आठनेर के साथ जगदीश सेठ की दुकान के पास व्यापारिक संघ और सुधा सोनी की दुकान के पास मांझी समाज द्वारा स्वागत किया गया। इसके साथ ही मातंग समाज चौक पर अल्पसंख्यक मोर्चा, बाजार चौक, नगर परिषद में स्वागत के बाद श्रीराम मंदिर में तुलादान के साथ साहू समाज द्वारा स्वागत किया गया। श्री खंडेलवाल ने सभी कार्यकर्ताओं और विभिन्न समाज बंधुओं का अभिवादन किया। खंडेलवाल कार्यकार्ताओं से मुलाकात के दौरान हनुमान मंदिर चौक पहुंचे, जहां माली समाज द्वारा स्वागत किया गया। उन्होंने गावंडे निवास पहुंचकर वरिष्ठजनों से मुलाकात की और ग्राम गुणखेड़ में स्वर्गीय श्यामराव मकोडे के निवास पहुंचकर उनके परिजनों से सौजन्य भेंट की।

### रोड शो के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की तबीयत बिगड़ी

#### कार के दरवाजे में उंगली दबी, दर्द के चलते आया चक्कर

**बैतूल।** आठनेर में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की प्रथम नगर आगमन पर स्वागत रैली के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ गई। जानकारी के अनुसार रोड शो के वाहन पर चढ़ते समय उनकी उंगली गाड़ी के गेट में दब गई थी, जिससे दर्द के चलते उन्हें चक्कर आ गया। कार्यकर्ताओं ने डीजे बंद कर उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया। डॉ. देवेंद्र चढोकर ने प्राथमिक जांच के बाद बताया कि उनकी उंगली में चोट और तेज दर्द के कारण चक्कर आया था। फिलहाल उनकी स्थिति पूरी तरह सामान्य है। उन्हें इसके बाद डिस्चार्ज कर दिया गया। श्री खंडेलवाल के प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद आठनेर नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा, तुलादान और स्वागत समारोहों का आयोजन किया, जिसमें जेसीबी से पुष्पवर्षा और जोरदार तरीके से डीजे भी बजाया गया। अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल ने कार्यकर्ताओं के जोश और जनता की भीड के स्वागत की ललक को देखते हुए फिर से रोड शो में हिस्सा लिया। वे नगर में आयोजित सभी समारोहों में उपस्थित रहे और लोगों का आभार भी व्यक्त किया। बीएमओ डॉ. सचिन आहतकर ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष की तबीयत अचानक खराब होने के बाद उन्हें शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसकी सूचना मिलने पर सीएमएचओ मनोज हुरमाडे सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और उनकी जांच की। डिस्चार्ज होने के बाद वे फिर से रैली में शामिल हुए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम भी उनके साथ-साथ चलती रही।

## सीएम राईज स्कूल के विद्यार्थियों ने किया भ्रमण



**पचमढ़ी।** सतपुड़ा की रानी में वर्षाकाल की बौछारो के मध्य,सान्दिपनि विद्यालय के विद्यार्थियों को नगर में ब्रिटिश काल के निर्मित प्रथम भवन म्यूजियम स्थल का, महावीर मंदिर और झील के दर्शन दूर से कराये गये। इस दरमियान विद्यार्थियों को नगर के इतिहास से अवगत कराया गया। सभी ने भ्रमण का आनन्द लिया। इस अवसर पर स्टाफ के शिक्षक संजय टिकार, राजेश सूर्यवंशी, उमा नावड़ा, अंसार खान, अंकित पाल सहित आउटसोर्स कर्मचारी मोनू उपस्थित एवं सहयोगी रहे।

## राज्य शिक्षक संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**पिपरिया।** सांसददर्शन सिंह चौधरी को पिपरिया में अध्यापक संवर्ग शिक्षकों की बैठकमे ज्ञापन सोपा गया। जिसमें मुख्य मांगों पर विचार करने का कहा गया। नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता सूची के आधार पर पेंशन,ओटीएस,ग्रेजयूटी,ई अटेंडेंस,बंद करने तथा 20लाख तक के स्वास्थ्यबीमा सीजीएसजी, कैशलेश, आयुष्मान,का लाभ दिए जाने एवं टीईटी परीक्षा अनिवार्य से मुक्त रखने की मांग की है।

### गत पंचवर्षीय में लगभग 30 लाख रुपए लागत से लगाए गए थे 100 से अधिक लैंप


# लाखों की लागत से स्टेट हाईवे किनारे लगाए हाई मास्क लैंप में से कई पड़े बंद

स्टेट हाईवे को रात्रि में रोशन करने के लिए हाई मास्क लैंप लगे हुए हैं। लेकिन कई लैंप लंबे समय से बंद हैं। जिसके चलते रात्रि में स्टेट हाईवे पर कई स्थानों पर अंधेरा छाया रहता है। नागरिकों ने नपा से लैंप चालू कराने की मांग की है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर शहर में स्टेट हाईवे को रात्रि में रोशन करने के लिए हाई मास्क लैंप लगे हुए हैं। लेकिन कई लैंप लंबे समय से बंद हैं। जिसके चलते रात्रि में स्टेट हाईवे पर कई स्थानों पर अंधेरा छाया रहता है।

मामले में हरिभूमि ने सोहागपुर नगर परिषद कार्यालय से पड़ताल की। तो ज्ञात हुआ कि निकाय की पिछली पंचवर्षीय में तत्कालीन नपाध्यक्ष संतोष मालवीय के कार्यकाल में ये हाई मास्क लैंप लगाए गए थे। ये सभी लैंप शहरी क्षेत्र में स्टेट हाईवे किनारे लगाए गए तथा इन्हें पिपरिया मार्ग स्थित नए बस स्टैंड के समीप से लेकर नर्मदापुरम मार्ग स्थित शिव पार्वती मंदिर के समीप तक लगाया गया था। जानकारी अनुसार लगभग चार किलोमीटर लंबाई के शहरी क्षेत्र में



हाईवे किनारे ये लैंप लगाए गए थे। ताकि रोशनी पर्याप्त मिले एवं रात्रि में स्टेट हाईवे पूरी तरह रोशन हो। नप की मंशा थी कि रात्रि में शहर से आने-जाने वाले वाहन चालकों को कोई परेशानी ना हो। लेकिन अब हालात कुछ अलग हो चुके हैं।

### कम हुई थी बिलिंग

जानकारी अनुसार इन सभी हाई मास्क लैंप के पोलों पर सीएफएल वैरायटी के बल्ब लगाए गए थे। ये बल्ब कम बिजली खपत में अच्छी व पर्याप्त रोशनी देते हैं एवं इससे उनके उपयोग से बिजली के बिल में कमी आती है। कम ऊर्जा खपत एवं अधिक बिजली बचत के साथ ही कम बिलिंग राशि व होने की मंशा के साथ किया गया कार्य वर्षों तक सफल भी रहा। वैसे यह काम अभी भी सफल ही है लेकिन आवश्यकता है कि नगर परिषद इन सभी हाई मास्क लैंप्स पोलों पर खराब हो चुके बल्ब बदले। जानकारी अनुसार कुछ समय पूर्व नप ने सीएफएल बल्ब क्रय किये हैं। नागरिकों की मांग है कि अब नप उन बल्बों को लगा भी दे।

### 30 लाख रुपए थी लागत

हरिभूमि ने पूर्व नगर परिषद संतोष मालवीय से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि 100 से अधिक हाई मास्क लैंप उनके कार्यकाल में स्टेट हाईवे किनारे लगाए गए थे। जिनकी लागत लगभग 30 लाख रुपए थी। उन्होंने बताया कि तत्कालीन स्थिति में नगर परिषद के बिजली बिल में कमी लाने की मंशा से हाई मास्क लैंप लगाए गए थे एवं इसका परिणाम भी मिला था। मालवीय के अनुसार बिजली के बिल में उल्लेखनीय कमी पाई गई थी। मालवीय ने कहा कि इन सभी लैंप्स को व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी नप को निभानी चाहिए।

## सोहागपुर शहर में यात्री बसों का मनमाना स्टापेज जारी

### स्टेट हाईवे पर बाधित होता है यातायात



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम जिले में प्राइवेट बसों के चालक व परिचालक अत्यधिक मनमानी करते हैं। चालक बीच स्टेट हाईवे पर बसों को रोककर यात्री उतारते तथा बिठाते हैं। जिससे प्रतिदिन बार-बार स्टेट हाईवे पर यातायात बाधित होता है। सोहागपुर शहर में भी यह परेशानी रोजाना होती है। जहां बस चालकों ने जगह-जगह अघोषित बस स्टाप बना लिये हैं और यहीं से वाहन को रोककर यात्रियों को बैठाते और उतारते हैं।

गत दिवस हाईवे पर आईकॉन सिटी के समीप एक निजी बस यात्रियों को बिठाने के लिए रोक दी गई। बस करीब दो मिनट तक रुकी रही और इस दौरान यातायात की बाधा हुई। आगे पीछे के वाहनों के चालक बार-बार हॉर्न बजाते रहे, ताकि बस बढ़ाई जाए, लेकिन बस चालक ने ध्यान नहीं दिया। एक अन्य वाहन के चालक ने बस चालक को अपना वाहन हाईवे किनारे रोकने को कहा तो बस का चालक अभद्रता करने लगा। नागरिकों के अनुसार अधिकतर बस बड़े नेताओं की या उनके रिश्तेदारों की हैं। जिनके चालक अपने आप को नेताओं से ज्यादा प्रभावी समझकर यात्रियों व आम नागरिकों से बदतमीजी करते हैं। वहीं यात्रियों की रोजाना की परेशानी व आम नागरिकों से बस चालकों की अभद्रता की जानकारी होने के बाद भी स्थानीय प्रशासन की खामोशी नागरिकों के रोष को और बढ़ाती है।

## 69वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा इटारसी शहर, बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

69वें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के संबंध में नगर पालिका सभागार में बैठक पंकज चौरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद इटारसी एवं टी प्रतीक राव अनुविभागीय अधिकारी राजस्व इटारसी की उपस्थिति में हुई।

प्रतियोगिता का आयोजन 4 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित होगा प्रतियोगिताओं में आर्चरी 17 वर्ष बालक बालिका एवं 14 वर्षीय फुटबॉल बालिकाओं की प्रतियोगिता आयोजित होगी1 बैठक में प्रतियोगिता का उद्घाटन समापन खिलाड़ियों की आवास व्यवस्था प्रतियोगिता स्थल एवं खिलाड़ियों की सुरक्षा एवं चिकित्सा के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।



जिला खेल अधिकारी वंदना रघुवंशी शिक्षा विभाग, प्राचार्य एचपी चौधरी संदीपनी उमावि, प्राचार्य शासकीय कन्या उमा सूरज गंज इटारसी, प्राचार्य शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय पुरानी इटारसी, राजेंद्र नामदेव, अश्वनी मालवी, प्राइवेट स्कूल से जाफर सिद्दीकी, संदीप तिवारी, प्रदीप जैन, नीलेश जैन, अनुषा शर्मा, जयराज सिंह, शिबू सर, रुबिन फेलिक्स, अखिलेश दुबे, सत्यम अग्रवाल, दीपक परदेसी, भागवत सिंह, पप्पू चौधरी, हरीश मालवीय सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## सड़क मरम्मत के लिए आरआरडीए ने खनिज विभाग को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

एस एच 22 से जावली पहुंच मार्ग की हालत अत्यंत खराब है सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिससे स्कूल जाने वाले बच्चे गांव से शहर जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत जावली की सरपंच ने कलेक्टर एवं जनसुनवाई में शिकायत की थी कि शीघ्र सड़क की मरम्मत कराई जाए शिकायत के बाद परियोजना महाप्रबंधक ईकाई साक्षी पटेल ने खनिज विभाग को इस सड़क के क्षतिग्रस्त होने का जिम्मेदार खदान से रेत परिवहन कर रहे भारी वाहनों को बताया है इस संबंध में पहले चार बार ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण खनिज विभाग को पत्र लिख चुका है कि उक्त मार्ग की मरम्मत संधारण कार्य शीघ्र खदान के संविदाकार द्वारा कराया जाए लेकिन मरम्मत नहीं की गई एक बार पुनः 4 सितंबर को पत्र लिखकर सड़क मरम्मत करने का कहा है परियोजना महाप्रबंधक ने लिखा है वर्षा काल के समय में मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे होने से दुर्घटना की संभावना है वहीं अगले माह प्रभारी मंत्री पंचायत मंत्री एवं विधायक ग्राम में विकास कार्य एवं भूमि पूजन के लिए आएंगे अतः तत्काल इस सड़क की मरम्मत कराई जाए। इस संबंध में विभाग के अधिकारी से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन नहीं उठाया सरपंच प्रतिनिधि जावली इमरान खान काजू पटेल का कहना है था कि हम लगातार 1 वर्ष से सड़क मरम्मत के लिए आवेदन निवेदन कर रहे हैं। लेकिन अभी तक मरम्मत नहीं हुई हैं।

## सेवा पखवाड़ा अभियानः अंत्योदय से राष्ट्रोदय का प्रतीक है सेवा पखवाड़ाः विजयपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़ा 2025 की तैयारियों को लेकर शनिवार को विधायक विजयपाल सिंह के नगर स्थित निवास पर शनिवार को बैठक आयोजित की गई। सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक विजयपाल सिंह ने इसे भाजपा की जनसेवा की प्रतिबद्धता बताया व कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा की। भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज, मंडल प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़िया व भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल ने बताया कि भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस पर 17 सितंबर से दो अक्टूबर 2025 तक चलाए जाने वाले 'सेवा पखवाड़ा' की तैयारियों को लेकर विधानसभा क्षेत्र 138 सोहागपुर की बैठक की गई। शहर स्थित विधायक निवास में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहे। जबकि बैठक की अध्यक्षता सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने की। बैठक की विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा रही। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि यह सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रमों की श्रृंखला नहीं, बल्कि



भाजपा की जनसेवा की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि इस दौरान रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर और वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, नप उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, मंडलाध्यक्ष अश्वनी सरोज, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पटेल, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल, सेमरी मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय, अभिनव पालीवाल, शोभापुर मंडलाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर, जिला मंत्री भगवान सिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि रामबाबू रघुवंशी, अभय खंडेलवाल, उमेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्रतिभागियों ने 19 विधाओं में दिखाई कला व सृजनशीलता



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

विद्याभारती द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल, मालवीयगंज में दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव का रंगारंग समापन हुआ। इस अवसर पर पूरे जिले के 8 सरस्वती शिशु मंदिर स्कूलों से आए 167 से अधिक छात्र-छात्राओं ने गायन, वादन, नृत्य, नाटक, मूर्तिकला, चित्रकला, रंगोली, प्रश्नमंच और तात्कालिक भाषण जैसी कुल 19 विधाओं में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। महोत्सव का उद्घाटन एचएल अग्रवाल और राधिका चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर किया।

समापन सत्र में प्रतिष्ठित व्यवसायी व गायक शशांक बैसाखिया तथा विद्यालय की पूर्व छात्रा एवं सुप्रसिद्ध फैशन डिज़ाइनर अंकिता चंद्रवंशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ निर्णायकों ने सभी प्रस्तुतियों का निष्पक्ष और रचनात्मक मूल्यांकन कर श्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया।

## ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता छात्राओं का किया स्वागत




**माखन नगर।** पी.एम. श्री शासकीय कन्या उ. मा. वि. माखन नगर की चार छात्राओ रक्षा कुमरे, रागिनी उईके, महिमा उईके, पिंकी धुर्वे ने राज्य स्तरीय ताईक्वानडो प्रतियोगिता में भाग लेकर रक्षा और रागिनी ने कांस्य पदक जीत कर शाला का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता से वापस लौटने पर नसीराबाद चौराहे पर ढोल और फूल माला से छात्राओ का स्वागत किया और विजय यात्रा निकाली जिसका नेतृव शाला के प्राचार्य निधीश कुमार गुरु एवं छात्रावास की वॉर्डन आरती साहू और समस्त शाला परिवार ने किया।

## पर्यूषण पर्व पर नगर के जैन मंदिरों में हुए विभिन्न धार्मिक आयोजन, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जैन समाज के प्रतिनिधि सेंट जोसेफहायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थशिक्षक राकेशजैनके द्वारा बताया गया कि पर्यूषण पर्व चल रहाहै। जिसके अंतर्गत पिपरिया शहर एवंगग्रमीण क्षेत्रमे सभी जैन मंदिरोंमे भगवान पुष्प दंतका निर्वाण कल्याणक महोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनाया गया सुबहसे ही उनके द्वारा भगवान की पालकी यात्रा निकाली गईजिसमें मुख्य मार्ग किनारे पर से लेकर सभीलोग शामिल हुए।

नगरपालिका परिषद क्षेत्र में शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ो महिलापुरुष सभीयुवक शामिल हुए थे। सभी स्कूल छात्रावास मे मानस गायन प्रतियोगिता डेगू मलेरियारिया जन जागृति अभियान चलाया गया तथा



कई जगह खेलदिवस भी मनाया गया। राकेश जैन ने बताया कि दिगंबर जैन समाज केदारा 10 दिवसीय पर वी भक्ति भावके साथ व्रत उपवास करके मनाए जा रहे हैं। सभी जन्यालय में प्रतिदिन सुबह से लेकर रात तक विभिन्नधार्मिक किए जा रहे हैं। श्रावक जनों के द्वारा सहभागिता दर्ज कराई जा रही है। पर्यूषण पर्व के चौथे दिन बड़े जिनालय में प्रतिदिन पूजन अभिषेक किया जा रहा है। जिसमें समाज के अध्यक्ष सहित सभी लोग परिवार सहित शामिल हो रहे हैं शांतिधारा संपन्न कीजा रही है। भगवान पुष्पदंत के साथ श्रीजी की 9 जिन बिंदुओं का अभिषेक शांतिधारा करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है।

## नगर में फल फूल रहा सट्टे का कारोबार, नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरी हरचंद

नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में सट्टेका कारोबार जमकर फल फूल रहा है 1 रुपए की बदले 90 90 रुपए मिलने के लालच में मजदूर वर्ग अपने गाढ़े पसीने की कमाई सट्टे मैं लुटा रहे हैं आश्चर्य की बात यह है कि नगर में चल रही सट्टेबाजी पर लंबे समय से सोशल मीडिया एवं समाचार पत्रों में खबर छपने के बाद भी सट्टा माफिया पर कोई असर नहीं होता, सोशल मीडिया और अखबार में खबर छपने पर पुलिस-प्रशासन एक दो एजेंट को पकड़कर कार्रवाई कर देती है कुछ दिनों तक सट्टा बंद रहता है उसके बाद फिर सट्टा माफिया सक्रिय हो जाते हैं।

नगर में प्रमुख रूप से चार सट्टे की खाई बाज सक्रिय हैं जिनमें प्रमुख रुप से दिनेश उर्फ़ पप्पू जैन जैन साहब वाली गली मैं अपने घर से सट्टे का कारोबार में लंबे समय से लिप्त है। 2. मुन्ना कुशवाहा भीकुशवाहा मोहल्ला अपने घर से ही काफी लंबे समय से सट्टा संचालित कर रहा है।3. रोहित पटेल सेमरी में ही अपने एजेंटों के माध्यम से सट्टे के कारोबार में लिप्त है।

एक खाईबाज माखन नगर रोड आइसीआइसीआइ बैंक के सामने अपने घर से सट्टे का कारोबार चलाता है। नगर के अनेकों स्थान पर एजेंटों के माध्यम से लिखा जाता है। मजे की बात यह है कि सट्टे के कारोबार में सत्ता और विपक्ष दोनों के खाई बाज सक्रिय हैं जो पुलिस प्रशासन लिए परेशानी का सबब है अब देखना यह है कि नगर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में सट्टे का कारोबार पर पुलिस अंकुश लगाएगी अथवा यूं ही मजदूर वर्ग अपनी गाढ़ी कमाई सट्टे की बुरी लत में लुटाता रहेगा।

### विकासखंड स्तर पर हुआ नेशनल लोक अदालतों का आयोजन

# लोक अदालत में एक दूजे से रूठे पति-पत्नि को फिर मिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय न्यायालय में शनिवार 13 सितंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। सुरेश कुमार चौबे द्वितीय जिला न्यायाधीश के न्यायालय के लंबित प्रकरणों में से 12 प्रकरण न्यायालय संगीता डावर मौर्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय से 11 प्रकरण एवं न्यायालय तेजदीप सिंह सासन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के न्यायालय से 52 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जानकारी अनुसार कुल 75 प्रकरणों का निराकरण राजीनामा के आधार पर नेशनल लोक अदालत में किया गया। नेशनल लोक अदालत के




माध्यम से प्रीलिटिशन के प्रकरणों का निराकरण किया गया। विद्युत विभाग के 24 प्रकरणों में एक लाख 84 हजार 191 रुपये की वसूली हुई। बैंक एवं नगरपालिका से संबंधित बकाया राशि प्रीलिटिशन के 29 प्रकरण थे। जिनमें 12 लाख 99 हजार 208 रुपये की वसूली की गई। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से करीब 350 लोग लाभान्वित हुए।

### पिपरिया में भी हुआ आयोजन

तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित किया गया। शुभारंभ राजेश कुमार




अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश एवं समिति ने सरस्वती पूजा कर शुभारंभ किया। लोक अदालत मे बिजली विभाग के प्री लटिगेशनके 62प्रकरण का निराकरण किया गया जिसमें 3लाख 25 हजार 271 रुपे की राशि जमा कराई गई। बिजली विभाग के 18लीटिगेशन के निराकरण करने से 66हजार 188रुपे जमा हुए थे। मोटर दुर्घटना के4प्रकरण का निराकरण किया जो आपसी सहमति से हुआ। जिसमें कुल अवार्ड राशि 29,3500राशि रही। पिपरिया न्यायालय में नेशनल लोक अदालत हेतु गठित 6खंडपीठो ने 204प्रकरण का निराकरण किया।कुल 410लोग लाभान्वित हुए। जिसमें लगभग 57,507,098राशि जमा हुए। तथा वर्षो से अलग-अलग रह रहे पति पत्नी में राजीनामा कराते हुए एक बिछड़ते परिवार को बसाया गया। अर्चना रघुवंशी द्वितीय जिला न्यायाधीश के न्यायालय में लंबित प्रकरणो में संदीप पटेल पत्नी शिवानी पटेल के बीच लोक अदालत में सुलह कराई गई राजी खुशी से एक दुसरे को माला पहनाकर परिवार जनों ने साथ रहने का बचन दिया।इस दौरान सभी अधिवक्ता आम आदमी सभी विभागों से संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर भाजपा की हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सिवनी मालवा की ओर से आगामी सेवा पखवाड़ा अभियान, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, को लेकर नगर मंडल कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को अभियान की जानकारी देना, सेवा कार्यों की रूपरेखा तय करना और नवीन कार्यकारिणी का परिचय कराना रहा।

बैठक की शुरुआत नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी द्वारा की गई। उन्होंने सेवा पखवाड़ा की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह अभियान केवल राजनीतिक आयोजन नहीं है, बल्कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। इसी अवसर पर नवीन कार्यकारिणी का परिचय कराया गया और स्वागत समारोह भी सम्पन्न हुआ।

खबर संक्षेप

## दुष्कर्म और ब्लैकमेल के मामले में 7 साल की सजा सुनाई

**हरदा।** एक युवक को दुष्कर्म और ब्लैकमेल के मामले में 7 साल की सजा सुनाई गई है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद रघुवंशी ने यह फैसला सुनाया। मामला अक्टूबर 2023 का है, जब एक युवती ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली थी। मानपुरा निवासी साजिद अंसारी (33) ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी ने पीड़िता का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। साजिद ने पीड़िता से 1 लाख 65 हजार रुपए की मांग की। उसने अपहरण, गैंगरेप और जान से मारने की धमकी भी दी। इन सभी से परेशान होकर युवती ने हरदा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर आत्महत्या कर ली। पीड़िता के पास से मिले सुसाइड नोट में साजिद को आत्महत्या का कारण बताया गया था। जिला लोक अभियोजक संजय गौर के अनुसार, न्यायालय ने आरोपी को धारा 306 के तहत 7 साल का कारावास और 1000 रुपए का अर्थदंड तथा धारा 384 के तहत 3 साल का कारावास और 1000 रुपए का अर्थदंड सुनाया है।

## आबकारी विभाग के दल ने मदिरा दुकानों का किया निरीक्षण


**हरदा।** आबकारी विभाग के दल ने शुक्रवार को मदिरा दुकानों का सघन निरीक्षण किया। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित शिकायत के संबंध में दल गठित कर कम्पोजिट मदिरा दुकानों के सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। निर्देश के पालन में सहायक जिला आबकारी अधिकारी ए. एस. बघेल एवं डी. एस. चौहान तथा आबकारी उपनिरीक्षक दीपिका वाईकर द्वारा कम्पोजिट मदिरा दुकान हरदा क्रमांक 2 पर पहुंचकर दुकान का सघन निरीक्षण किया गयया। निरीक्षण के दौरान कोई गंभीर अनियमितता नही पाई गई। अनुज्ञप्त परिसर में आबकारी बल द्वारा जांच करने पर किसी प्रकार का अहाता संचालन या मदिरा पान सुविधा नही होना पाया गया। दुकान पर मूल्य सूची एवं क्यू आर कोड लगा पाया। दुकान पर सामान्य अनियमितता पाये जाने पर लायसेंसी को विक्रयकर्ता के माध्यम से आरोप पत्र दिया गया तथा समक्ष पंचनामा बनाया गया। जिले की मदिरा दुकानों पर सघन निरीक्षण की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

## डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 सितंबर

**हरदा।** तकनिकी शिक्षा संचनालय द्वारा आयोजित डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 15 सितम्बर निर्धारित की गई है। पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा की प्राचार्य डॉ. अभिरुचि सिंह ने बताया कि 10वी /12वी /आईटीआई उत्तीर्ण छात्र एमपी ऑनलाइन के माध्यम से संस्था लेवल प्रवेश में पंजीयन कर 15 सितम्बर को 11 बजे आवश्यक दस्तावेज के साथ प्रवेश प्रक्रिया में रिक्त रह गयी सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते है। प्रवेश संबंधी अधिक जानकारी के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में संपर्क किया जा सकता है।

## पिछले 24 घंटे में जिले में 4.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 4.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 1.5 मि.मी., टिमरनी में 0 मि.मी., खिरकिया में 14.8 मि.मी., सिराली में 4 मि.मी. तथा रहटगांव में 3.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 1031.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 905.8 मि.मी., टिमरनी में 1194.9 मि.मी., खिरकिया में 1069.9 मि.मी., सिराली में 1038.9 तथा रहटगांव में 949.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 13 सितम्बर तक 987.7 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।



### सहकारी बैंक व ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारी सहित ठेकेदारों पर मामला दर्ज

# यूरिया खाद की 3000 बोरियां सोसायटियों के बजाय ब्लैक मार्केट में बेची गईं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा जिले में बड़े पैमाने पर खाद घोटाले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जांच में खुलासा हुआ है कि यूरिया खाद की करीब 3000 बोरियां, जो कि सोसायटियों के लिए विशेष रूप से लोड की गई थी, सहकारी बैंक के आउटसोर्स कर्मचारी और ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों ने मिलकर फर्जी बिल्टी बनाकर सीधे मार्केट में व्यापारियों को बेच दीं। इन खाद बोरियों को सोसायटियों तक पहुंचाना था, लेकिन आरोपियों ने इसे ब्लैक में बेचकर मोटा मुनाफा कमाया।

जांच में सामने आया कि सेवा सहकारी समिति गुयड़ा, बीड, देवली कलां और सोमगांव खुर्द (मूंदी शाखा) को यूरिया खाद नहीं मिली। आरोपियों ने फर्जी सील और हस्ताक्षर करके खाद कंपनियों चंबल फर्टीलाइजर एंड केमिकल्स एवं एचयूआरएल को भी फर्जी बिल्टियां भेज दी। ये खाद 30 जून 2025 को खंडवा जिले के रैक प्वाइंट से ठेकेदार ट्रांसपोर्टरों द्वारा विभिन्न कंपनियों की यूरिया खाद के रूप में लोड की गई थी, लेकिन कई सोसायटियों तक खाद पहुंचाने के बजाय उसे ब्लैक मार्केट में बेचा गया। संयुक्त कृषक संगठन की शिकायत के बाद पंधाना विधायक छाया मोरे ने मुख्यमंत्री को शिकायत की थी। इसके बाद शुरू हुई जांच में ठेकेदारों की कालाबाजारी की पोल खुल गई। जांच में यह भी पता चला कि खाद समितियों तक पहुंची या नहीं, इसका निरीक्षण किसी अधिकारी द्वारा नहीं किया गया था। कार्रवाई के डर से आरोपियों ने 50 दिन बाद खरगोन के बिल बनवाकर इंदौर से यूरिया खाद खरीदी और जिन समितियों तक खाद नहीं पहुंची थी, उन समितियों में खाद डिलीवर कर दी ताकि स्टॉक सही दिख सके।



विशेष रूप से, त्रिमूर्ति ट्रांसपोर्ट (लैंड मार्क वन मॉल के सामने) और चौहान ट्रांसपोर्ट (पंधाना रोड गुलमोहर कॉलोनी के समीप) को माल गोदाम में लगे रैक से यूरिया खाद को समितियों तक पहुंचाने का ठेका दिया गया था। लेकिन ट्रांसपोर्टरों ने मध्य में ही गड़बड़ी करना शुरू कर दी। गुयड़ा, बीड़, देवली, सोमगांव, सत्तापुर आदि समितियों की खाद गायब कर जिला विपणन कार्यालय में संबंधित सोसायटियों की बिल्टी सील लगाकर जमा करा दी गई।

संयुक्त कृषक संगठन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने बताया, किसानों के माध्यम से पता चला था कि उनकी सोसायटियों पर खाद ही नहीं आई। जब जानकारी निकाली तो खाद वहां पहुंची बताई गई। जांच कराने पर घोटाला सामने आया है। इसमें ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिकों और अधिकारियों की मिलीभगत भी शामिल है। सभी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासनिक स्तर पर भी जांच जारी है, ताकि पूरे मामले की गहराई से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### आबकारी विभाग का अभियान...

## 189 लीटर अवैध देशी प्लेन मदिरा व सेंट्रो कार जब्त, वाहन चालक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में वृत्त खंडवा ब के तहत मूंदी-खंडवा रोड पर सिंहाडा रेलवे ब्रिज के पास अवैध देशी प्लेन मदिरा परिवहन करते हुए एक काले-सफेद रंग की हुंडई सेंट्रो कार को पकड़ा गया। वाहन से कुल 189 बल्क लीटर अवैध देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई। वाहन चालक रविन्द्र, पिता मंशाराम राठौर, उम्र 28 वर्ष, निवासी संजय नगर खंडवा को गिरफ्तार कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) तथा 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त मदिरा व वाहन की अनुमानित कीमत लगभग 3,00,000 रुपए बताई गई है।

यह कार्यवाही खंडवा कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के आदेशानुसार, जिला आबकारी अधिकारी विकास मंडलोई के मार्गदर्शन तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी सी.एस. मीणा के नेतृत्व में की गई। नवीन विधान के अनुसार इस कार्रवाई का विधिवत वीडियो भी बनाया गया। कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक हेमलता डावर, विकास दत्त शर्मा, किरण पवार, आबकारी मुख्य आरक्षक तेरसिंह सोलंकी, आरक्षक श्रवण रावत, प्रेमलाल, संगीता, देवराम रावत, विनोद, नगर सैनिक किशोरीलाल, केदार व होशीलाल उपस्थित रहे।

## सेवा ही संगठन संकल्प के साथ सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रहटगांव मंडल में कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रहटगांव में सेवा ही संगठन संकल्प के साथ सेवा पखवाड़ा की बेठक कि। सेवा पखवाड़ा का बेठक हुई। जिला पदाधिकारी देवी सिंह सांखला, मनीष निषोद ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मात्र एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि यह सेवा को सर्वोपरि मानने वाला संगठन है, जो सेवा ही संगठन की विचारधारा पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह सेवा, समर्पण और राष्ट्रनिर्माण की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष संतोष गौर एवं मंडल प्रभारी नर्मदा सावनेर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि आने वाले दिनों में प्रत्येक ग्राम में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जांच शिविर, गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों की सहायता, आयुष्मान कार्ड वितरण, रक्तदान शिविर तथा जनजागरूकता कार्यक्रम जैसे कार्य किए जाएंगे, जिससे समाज के कमजोर वर्गों तक सीधा लाभ पहुंच सके। इस दौरान मंडल बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### अभियान के संचालन के लिए बैठक का किया गया आयोजन

## प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित होगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

महिलाओं का स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण हमारे परिवारों समाज एवं राष्ट्र की प्रगति का आधार है। इसके परिपेक्ष्य में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे पोषण माह की गतिविधियों के अभिसरण व समन्वय से आयोजित किया जायेगा। अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारम्भ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश से 17 सितम्बर को किया जायेगा। अभियान के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य एवं पोषण शिविर, विशेषज्ञ चिकित्सा शिविरों का आयोजन तथा स्वैच्छिक रक्तदान जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।




शनिवार को अभियान के संचालन के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एच.पी. सिंह ने जिले के सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, बीसीएम, को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की संपूर्ण रूपरेखा तथा पोर्टल पर रिपोर्टिंग के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी से अभियान के तहत 17 सितंबर को आयोजित होने वाले शिविर की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सिंह ने बैठक में बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी चुनौतियों की पहचान कर उन्हें समय पर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार तथा किशोरियों में पोषण व एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना। गैर संचारी रोग जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख, स्तन एवं गर्भाशय, ग्रीवा कैंसर एनीमिया एवं सिकल सेल रोग तथा संचारी रोग जैसे क्षय रोग कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग करना तथा स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता के साथ समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर जनआंदोलन के रूप में आयोजन करना है।

## ओबीसी महासभा के सदस्यों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा



**हरदा।** शनिवार को ओबीसी महासभा के सदस्यों ने एडीएम पुरुषोत्तम कुमार को प्रधानमंत्री के नाम 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया। महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश गौर ने बताया कि ओबीसी वर्ग की वर्षों पुरानी और जरूरी मांगों को लेकर यह ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने बताया कि जब तक इन मांगों पर अमल नहीं होगा, तब तक समाज को उसका वास्तविक हक नहीं मिल सकेगा।

ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग देश के सभी राज्यों में जातिगत वर्गवार जनगणना कराने की रखी गई। महासभा का कहना है कि जब तक प्रत्येक वर्ग की वास्तविक जनसंख्या का आंकड़ा सामने नहीं आएगा, तब तक उनके लिए नीतियां प्रभावी रूप से नहीं बनाई जा सकतीं। इसके अलावा ओबीसी वर्ग को जनसंख्या के अनुपात में सभी सरकारी विभागों में प्रतिनिधित्व देने, आरक्षण से क्रीमी लेयर की व्यवस्था हटाने और शासकीय सेवाओं में पदोन्नति में आरक्षण देने की मांग की गई है। साथ ही वर्ग के रिक्त पदों को अविलंब भरने की बात भी ज्ञापन में कही गई है।

## इंदौर-इच्छापुर हाइवे पर तूफान वाहन ट्रक से टकराई, 8 गंभीर रूप से घायल

**खंडवा।** खंडवा जिले में इंदौर इच्छापुर हाइवे पर बीती रात एक गंभीर सड़क हादसा हुआ। महाराष्ट्र के जलगांव जिले से खाटू श्याम दर्शन करने जा रहे श्रद्धालुओं की तूफान वाहन का संतुलन सड़क पर पड़े गड्ढे की वजह से बिगड़ गया और वह सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। घटना धनगांव थाना क्षेत्र के दौड़वा के पास रात करीब तीन बजे घटित हुई। इस हादसे में मंगेश (33 वर्ष) पिता देवीदास, नीलेश (35 वर्ष), कार्तिक (35 वर्ष) पिता नंदकिशोर, नितिन (40 वर्ष) पिता सुखदेव, योगेश (39 वर्ष) पिता गजानंद, शुभम (29 वर्ष) पिता संजय, सगर (30 वर्ष) पिता मधुसूदन सहित कुल आठ लोग घायल हो गए। सभी घायल श्रद्धालु महाराष्ट्र के जलगांव थाना क्षेत्र के जामोद निवासी बताए जा रहे हैं। घटना के बाद सड़क पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने अन्य वाहनों को रोककर घायल श्रद्धालुओं को क्षतिग्रस्त वाहन से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर इंदौर से लौट रहे 108 के पायलट समीर खान एवं एटळ जितेन्द्र बघेल मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत प्राथमिक उपचार दिया और घायल श्रद्धालुओं को 108 एम्बुलेंस से खंडवा मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद रात करीब चार बजे सभी घायलों का उपचार मेडिकल कालेज अस्पताल में जारी है।

## हेल्थ हब की तरफ से दुर्गा गरबा ग्रुप की लड़कियों के लिए एक सेफ्टी सत्र का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

शहर में डॉक्टर दर्शना ने अपने स्टार्टअप इकोराही हेल्थ हब की तरफ से दुर्गा गरबा ग्रुप की लड़कियों के लिए एक सेफ्टी सत्र का आयोजन किया। खिरकिया में हेल्थ टिप्स और हेल्थ स्टार्टअप के विषय में कोई समझता नहीं है लेकिन अंधेरे में दीपक जलाना हमारा काम है ताकि बिना दवा के भी लोग रह सके स्वस्थ और मस्त रहे।

गरबा ग्रुप को इकोराही हेल्थ हब द्वारा बताए गए हेल्थ टिप्स ताकि बुखार नही आए और मासिक धर्म में आने वाली प्रॉब्लम से निजात मिले। गरबा ग्रुप के हेड मिलिंद के सहयोग से यह सत्र पूर्ण हुआ सुबह से जल्दी उठकर नारियल टुकड़ा, पानी ,गुड और हर्बल टी को जीवन में प्रयोग किया जाए तो असली सुंदरता के साथ मिलेंगे चौकाने वाले फायदे मिलेंगे । इसके साथ ही बच्चो की हिचक मिटे और डॉक्टर के प्रति उनका डर कम हो जाए और कॉन्फिडेंस बढ़ा हमेशा जिंदा रहे क्योंकि कई बच्चे पोषण आहार पर ध्यान नहीं देते और परिवार वाले भी परेशान रहते है इसलिए हेल्थ जागरूकता जरूरी है। साथ ही दूध वाली चाय की जगह प्राकृतिक हर्बल चाय के बेनिफिट से खुद को फिट रखने के नुस्खे बताए गए ताकि वायरल और बैक्टीरिया इन्फेक्शन कभी भी गरबे के बीच में परेशान न करे और पूरी ताकत से डांस हिट हो जाए।

# विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने निकाली रैली, कलेक्टर ऑफिस में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

सात सूत्रीय मांगों को लेकर हरदा में किसान आक्रोश मोर्चा ने शनिवार को बाइक रैली निकाली। यह रैली कृषि उपज मंडी से शुरू होकर रेलवे स्टेशन, नारायण टॉकीज, अस्पताल चौक और गुर्जर बोर्डिंग होते हुए कलेक्ट्रेट पर समाप्त हुई। यहां किसानों ने जोरदार नारे लगाए और अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

मोर्चा के प्रतिनिधि रामजीवन बास्ट और शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि किसानों की प्रमुख मांगों में सोयाबीन और मक्का की खरीदी समर्थन मूल्य पर करने के लिए तत्काल पंजीयन शुरू करना, 1972 से लंबित गंजाल मोरंड सिंचाई परियोजना को लागू करना और प्रभावित ग्रामीणों को जमीन के बदले जमीन सहित पुनर्वास की सुविधा देना शामिल है। साथ ही किसानों ने खरीफ फसल सर्वे रिपोर्ट सार्वजनिक करने, बीमा विसंगतियों को दूर करने और सैटेलाइट सर्वे की जगह जमीनी सर्वे कराने की भी मांग रखी। आगामी रबी सीजन के लिए पर्याप्त खाद, बीज, पानी और बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही मुख्यमंत्री कृषक अनुदान योजना को पुनः शुरू करने पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा मोर्चा ने जिला समन्वय व विकास समिति की बैठकों में गैर राजनीतिक किसान संगठनों को शामिल करने की मांग की।







कलेक्टर जैन ने किसानों की समस्याओं को सुना और भरोसा दिलाया कि स्थानीय स्तर की दिक्कतों का त्वरित समाधान किया जाएगा तथा शासन स्तर के मुद्दों को वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद उपलब्ध कराया जाएगा, लेकिन इसे लेने के लिए ऋण पुस्तिका और आधार कार्ड अनिवार्य होंगे। कलेक्ट्रेट पर हुए प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। बड़ी संख्या में भीड़ जुटने की आशंका को देखते हुए नर्मदापुरम, बैतूल, रायसेन, देवास और सीहोर जिलों से पुलिस बल बुलाया गया। पूरे जिले के थाना क्षेत्रों में भी अतिरिक्त तैनाती की गई थी।

## ओंकारेश्वर में कपिल महामुनिजी की जयंती समारोह आयोजित



**खंडवा।** ओंकारेश्वर स्थित पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी विष्णु मंदिर परिसर में कपिल महामुनिजी महाराज की वार्षिक जयंती धूमधाम से सम्पन्न हुई। यह आयोजन श्रद्धालुओं के बीच गहराई से भक्ति और आस्था के वातावरण में आयोजित किया गया। शनिवार को तिथि कुंवार बदी पचंमी पर दोपहर 12 से 2 बजे तक पूजन एवं महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। सजे-धजे वेदी स्थल पर पुष्प, दीप और शंखनाद के बीच संत समाज ने पूजन-अर्चन कर गुरु परंपरा का स्मरण किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अखाड़ा परंपरा के संत-महात्मा, साधु-संत और भक्तजन उपस्थित रहे। महाप्रसादी भंडारे में महामंडलेश्वर सहित आसपास के संतों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर ससम्मान अभिनंदन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में पंचायती अखाड़ा के सचिव कैलाश भारती, महंत विनीत गिरी, थानापति ललितपुरी, गजाजनंद गिरी और रामगिरी ने सहयोग किया। कार्यक्रम में संत महापुरुषों ने गुरु परंपरा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गुरु ही आत्मा को ईश्वर से जोड़ने वाला सेतु है। कपिल महामुनिजी महाराज की साधना और त्याग भावी पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक हैं।